प्रथम एथलेटिक्स मीट एवं टैक्नो–कलचरल फेस्टिवल का समापन

हर्षवधन को 'मिस्टर युनिवर्सिटी' एवं प्रिया तिवारी को मिस युनिवर्सिटी का ताज

उत्तर भारत लाइव ब्यूरो
uttarbharatlive.com

ओवर ऑल तुलाज इंस्टीट्यूट को विजयश्री प्राप्त हुई

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रथम एथलेटिक्स मीट एवं टैक्नो-कलचरल फेस्टिवल का सुद्धोवाला स्थित विश्वविद्यालय खेल परिसर में हुआ शानदार समापन। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सोमवार देर रात तक हुई तकनीकी एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न लोक गीत, नृत्य व संगीत के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य की सांस्कृतिक परम्पराओं के साथ ही विभिन्न राज्यों की संस्कृति की छटा बिखेरते हुए अपनी बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतिभाग का प्रदर्शन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। तकनीकी सांस्कृतिक संध्या में विवि के सम्बद्ध कालेज बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड साइंस, भीमताल के छात्र हर्षवधन मिस्टर युनिवर्सिटी एवं इसी संस्थान की छात्रा प्रिया तिवारी मिस युनिवर्सिटी का खिताब पाने में सफल रही है। विवि के कुलपति ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जीरे टॉलरेंस की नीति के साथ पूर्ण पारदर्शिता एवं दृढ संकल्पित हो कर कार्य करने का हर सम्भव सकारात्मक प्रयास कर रहा है ताकि विश्वविद्यालय देश में अपना एक मुकाम हासिल कर सके। मंगवालर को यूटीयू के खेल परिसर में राज्य के वन एवं तकनीकी शिक्ष मंत्री सु बोध उनियाल ने यूटीयू के प्रथम एथलेटिक्स मीट एवं टैक्नो-कलचरल फेस्टिवल कौथिग कार्यक्रम के समापन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि छात्र ब्रह्मा के स्वरूप है और नई-नई तकनीकी को इजाद कर देश और दुनिया को आगे बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं को कहा कि आपकी देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराने का हर सम्भवप्रयास विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा किये जा रहे है ताकि यह विश्वविद्यालय देश और दुनिया क विश्वविद्यालयों के सामने मजबूती से खड़ा हो सके। मंत्री ने छात्रों से कहा कि रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाली सोच के साथ काम करें।

कार्यक्रम के अंतिम दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के फाइनल मैच खेले गए। लांग जम्प, हाई जम्प, गोला फेंक भाला फेंक ;डिस्कस थ्रो एवं हैमर थ्रो, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, एवं 4 गुणा 200 मीटर रिले रेस में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करायी गयी थी। जिनमें फाइनल मैचों के परिणाम के आधार पर ओवर ऑल तुलाज इंस्टीट्यूट को विजयश्री प्राप्त हुई और रनरअप महिला प्रौद्योगिकी संस्थान रहा है। प्रोजेक्ट इनोवेशन में प्रथम एवं तीसरे स्थान पर कॉलेज आफ इंजीनियरिंग रूड़की एवं दूसरे स्थासन पर माया इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी रहें है।

क्विज प्रतियोगिता में जेबीआईटी संस्थान को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, द्वितीय स्थान बीआईएएस भीमताल एवं तीसरे स्थान पर जीआईएचएम अल्मोड़ा पर विजयी रहे। समापन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो सत्येन्द्र सिह, वित नियंत्रक बिक्रम सिह जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक डा. वीकेपटेल, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. आरपीएस गंगवार, तुलाज इंस्टीट्यूट के निदेशक डा अनिल कुमार सहित विभिन्न संस्थानों के निदेशक, प्राचार्य, व विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।